# राजा हरपाल सिंह महाविद्यालय में टैबलेट वितरण

## सरकार युवाओं के स्किल डेवलपमेंट के लिए गंभीरःसांसद सीमा द्विवेदी



**संवाददाता । जौनपुर**

उत्तर प्रदेश सरकार की स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत बुधवार को राजा हरपाल सिंह महाविद्यालय में निशुल्क टैबलेट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन, सरस्वती वंदना तथा संस्थापक प्रबंधक की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद श्रीमती सीमा द्विवेदी रहीं, जिन्होंने अपने करकमलों से छात्र-छात्राओं को टैबलेट वितरित किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी का यह सपना है कि प्रदेश का हर युवा तकनीकी रूप से दक्ष और आत्मनिर्भर बने। इसी दिशा में यह योजना मील का पत्थर साबित हो रही है। महाविद्यालय के नोडल अधिकारी डॉ. अविनाश सिंह यादव ने जानकारी दी कि इस अवसर पर कुल 253 विद्यार्थियों को टैबलेट प्रदान किए गए। छात्रों में इस योजना को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम का सफल संचालन अंजनी कुमार मिश्र ने किया, जबकि महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. अरुण कुमार सिंह ने सभी लाभार्थी छात्रों, मुख्य अतिथि व अन्य आमंत्रित अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रबंधक कुँवर जय सिंह, प्रबंध समिति के सदस्य पंडित सती प्रसाद मिश्र, प्रो. सुधीर कुमार सिंह, प्रो. इन्दु कुमार सिंह, डॉ. बृजेश प्रताप सिंह, डॉ. मनोज कुमार सिंह, डॉ. ओम प्रकाश यादव, डॉ. सतीश कुमार, डॉ. जलज गुप्ता, डॉ. गिरीश मणि त्रिपाठी, डॉ. पतिराम राव, सुधांशु सिंह, कुमार राज पांडे, राकेश कुमार, सूरज तिवारी सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। कार्यक्रम ने न केवल छात्रों को डिजिटल संसाधनों से सुसज्जित किया, बल्कि उनके उज्ज्वल भविष्य की नींव भी रखी।

मुख्यमंत्री जी के निर्देश पर   पर यातायात व पार्किंग व्यवस्था

# महाविद्यालय में टैबलेट एवं स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**रिपोर्ट -दिलशाद अहमद शानू**

सिंगरामऊ (जौनपुर) ।स्थानीय राजा हरपाल सिंह महाविद्यालय में उत्तर प्रदेश सरकार की स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत विद्यार्थियों के लिए निशुल्क टैबलेट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्वल, सरस्वती वंदना एवं संस्थापक प्रबंधक की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ हुआ। टैबलेट वितरण के इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित राज्यसभा सांसद सीमा द्विवेदी द्वारा छात्र–छात्राओं को टैबलेट प्रदान किया गया। इस अवसर पर अपने सम्बोधन में उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जी का सपना है कि प्रदेश का हर युवा समग्र रूप में सक्षम हो। इसके लिए सरकार द्वारा टैबलेट व स्मार्टफोन वितरण करने का लक्ष्य रखा गया है। जिसके माध्यम से युवा छात्र एवं छात्राएं तकनीकी रूप से सक्षम होने के साथ– साथ अपनी पढ़ाई व रोजगार को आगे बढ़ाने में सफल हो सकते हैं। महाविद्यालय के नोडल अधिकारी डॉ० अविनाश सिंह यादव से प्राप्त जानकारी के अनुसार कार्यक्रम में महाविद्यालय के कुल 253 विद्यार्थियों को टैबलेट प्रदान किया गया। कालेज में टैबलेट पाने से छात्र–छात्राएं भी उत्साहित दिखे। कार्यक्रम का सफल संचालन अंजनी कुमार मिश्र ने किया जबकि महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर अरूण कुमार सिंह द्वारा लाभान्वित छात्र–छात्राओं और आमंत्रित अतिथियों के प्रति बधाई एवं हार्दिक आभार ज्ञापित किया गया। उक्त अवसर पर महाविद्यालय के प्रबंधक कुँवर जय सिंह, प्रबन्ध समिति के सदस्य पण्डित सती प्रसाद मिश्र, प्रोफेसर सुधीर कुमार सिंह, प्रोफेसर इन्दु कुमार सिंह, डॉ० बृजेश प्रताप सिंह, डॉ० मनोज कुमार सिंह, डॉ० ओम प्रकाश यादव, डॉ० सतीश कुमार, डॉ० जलज गुप्ता, डॉ० गिरीश मणि त्रिपाठी, डॉ० पतिराम राव, सुधांशु सिंह, कुमार राज पांडे, राकेश कुमार, सूरज तिवारी सहित बड़ी संख्या में लाभार्थी छात्र एवं छात्राएं उपस्थित रहे।



तरुणमित्र

# महाविद्यालय में टैबलेट एवं स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

जौनपुर। राजा हरपाल सिंह महाविद्यालय सिंगरामऊ में उत्तर प्रदेश सरकार की स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत विद्यार्थियों के लिए नि:शुल्क टैबलेट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

टैबलेट वितरण के इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित राज्यसभा सांसद श्रीमती सीमा द्विवेदी द्वारा छात्र-छात्राओं को टैबलेट प्रदान किया गया। इस अवसर पर अपने सम्बोधन में उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री का सपना है कि प्रदेश का हर युवा समग्र रूप में सक्षम हो। इसके लिए सरकार द्वारा टैबलेट व स्मार्टफोन वितरण करने का लक्ष्य रखा गया है जिसके माध्यम से युवा छात्र एवं छात्राएं तकनीकी रूप से सक्षम होने के साथ साथ अपनी पढ़ाई व रोजगार को आगे बढ़ाने में सफल हो सकते हैं। महाविद्यालय के नोडल अधिकारी डा. अविनाश सिंह यादव से प्राप्त जानकारी के अनुसार कार्यक्रम में महाविद्यालय के कुल 253 विद्यार्थियों को टैबलेट प्रदान किया गया। कालेज में टैबलेट पाने से छात्र-छात्राएं भी उत्साहित दिखे। कार्यक्रम का सफल संचालन अंजनी कुमार मिश्र ने किया जबकि महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर अरूण कुमार सिंह द्वारा लाभान्वित छात्र-छात्राओं और आमंत्रित अतिथियों के प्रति आभार ज्ञापित किया गया। उक्त अवसर पर महाविद्यालय के प्रबंधक कुंवर जय सिंह, प्रबन्ध समिति के सदस्य पण्डित सती प्रसाद मिश्र, प्रोफेसर सुधीर कुमार सिंह, प्रोफेसर इन्दु कुमार सिंह, डा. बृजेश प्रताप सिंह, डा. मनोज कुमार सिंह, डा. ओम प्रकाश यादव, डा. सतीश कुमार, डा. जलज गुप्ता, डा. गिरीश मणि त्रिपाठी, डा. पतिराम राव, सुधांशु सिंह, कुमार राज पांडेय, राकेश कुमार, सूरज तिवारी सहित बड़ी संख्या में लाभार्थी छात्र एवं छात्राएं उपस्थित रहे।




छात्रा को टैबलेट देती सीमा द्विवेदी।

इलाज मिलता है। भारतीय जनता पार्टी की स्थापना तथा

# महाविद्यालय में टैबलेट एवं स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम का हुआ आयोजन




**रिपोर्ट -दिलशाद अहमद शानू**

**सिंगरामऊ जौनपुर।** स्थानीय राजा हरपाल सिंह महाविद्यालय में उत्तर प्रदेश सरकार की स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत विद्यार्थियों के लिए निशुल्क टैबलेट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्वल, सरस्वती वंदना एवं संस्थापक प्रबंधक की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ हुआ। टैबलेट वितरण के इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित राज्यसभा सांसद सीमा द्विवेदी द्वारा छात्र-छात्राओं को टैबलेट प्रदान किया गया। इस अवसर पर अपने सम्बोधन में उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जी का सपना है कि प्रदेश का हर युवा समग्र रूप में सक्षम हो। इसके लिए सरकार द्वारा टैबलेट व स्मार्टफोन वितरण करने का लक्ष्य रखा गया है। जिसके माध्यम से युवा छात्र एवं छात्राएं तकनीकी रूप से सक्षम होने के साथ- साथ अपनी पढ़ाई व रोजगार को आगे बढ़ाने में सफल हो सकते हैं।

महाविद्यालय के नोडल अधिकारी डॉ0 अविनाश सिंह यादव से प्राप्त जानकारी के अनुसार कार्यक्रम में महाविद्यालय के कुल 253 विद्यार्थियों को टैबलेट प्रदान किया गया। कालेज में टैबलेट पाने से छात्र-छात्राएं भी उत्साहित दिखे। कार्यक्रम का सफल संचालन अंजनी कुमार मिश्र ने किया जबकि महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर अरूण कुमार सिंह द्वारा लाभान्वित छात्र-छात्राओं और आमंत्रित अतिथियों के प्रति बधाई एवं हार्दिक आभार ज्ञापित किया गया। उक्त अवसर पर महाविद्यालय के प्रबंधक कुँवर जय सिंह, प्रबन्ध समिति के सदस्य पण्डित सती प्रसाद मिश्र, प्रोफेसर सुधीर कुमार सिंह, प्रोफेसर इन्दु कुमार सिंह, डॉ0 बृजेश प्रताप सिंह, डॉ0 मनोज कुमार सिंह, डॉ0 ओम प्रकाश यादव, डॉ0 सतीश कुमार, डॉ0 जलज गुप्ता, डॉ0 गिरीश मणि त्रिपाठी, डॉ0 पतिराम राव, सुधांशु सिंह, कुमार राज पांडे, राकेश कुमार, सूरज तिवारी सहित बड़ी संख्या में लाभार्थी छात्र एवं छात्राएं उपस्थित रहे।